7

# सपनों का द्वीप—सिंगापुर

**पाठ-प्रवेश**

*विदेशी पर्यटन की जब बात की जाती है तो हमें सर्वप्रथम सिंगापुर का ही नाम ध्यान में आता है। सिंगापुर की भव्यता और चकाचौंध किसी का भी मन मोहने में सक्षम है। सिंगापुर आधुनिकता का जीता-जागता प्रमाण है। यहाँ पर्यटकों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। देखने से ही लगता है कि यह कोई देश नहीं वरन पर्यटन के लिए तैयार किया गया एक विशेष स्थान है। एक बार जो यहाँ आता है वह यहाँ बार-बार आना चाहता है।*

सिंगापुर की भव्यता और चकाचौंध ने मुझे इतना प्रभावित कर रखा था कि सिंगापुर मेरे सपनों का देश बन गया। वहाँ जाने की इच्छा मन के किसी कोने में छिपी हुई थी। चैंगी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही मन खुशी से फूल उठा। 'किंग्स होटल' में बुकिंग थी। बाहर निकलते ही एक शानदार कार सामने आकर रुकी और चालक ने अभिवादन करते हुए कहा, ''आप चार सदस्य हैं। दो गाड़ियाँ हाज़िर हैं।'' हमने कहा, ''हम सब एक ही कार में जाना पसंद करेंगे।'' उसने मुसकराते हुए गाड़ी का दरवाज़ा खोल दिया। इस प्रकार शुरू हुई हमारी सिंगापुर यात्रा। गगनचुंबी इमारतें, साफ़-सुथरी और घुमावदार सड़कों पर अनुशासित ट्रैफ़िक, बेलों और फूलों से लदे पुल, आधुनिकतम कारों की तीव्र गति को देखकर मन प्रसन्न हो रहा था।

सिंगापुर का संक्षिप्त परिचय देना हो, तो इतना कहना ही काफ़ी होगा—एक सुंदर द्वीप, एक नन्हा देश, एक समृद्ध देश। सिंगापुर दक्षिण पूर्व एशिया में एक छोटा-सा द्वीप है, जो भूमध्य रेखा से 140 किलोमीटर उत्तर की ओर मलय प्रायद्वीप से दक्षिण में बसा है। सिंगापुर घनी आबादीवाला द्वीप है। इसके आस-पास करीब पचास छोटे-छोटे द्वीप हैं, जिनमें से आधे



**शब्दार्थ**


**चकाचौंध**—बहुत तेज़ चमक से आँखों में होने वाली चमक; **अभिवादन**—आदर भाव दिखाना; **अनुशासित**—नियमों में बँधा हुआ; **द्वीप**—वह स्थान जो चारों ओर पानी से घिरा हो



Scanned with CamScanner

से अधिक निवास योग्य नहीं है। कुछ द्वीपों को पर्यटकों के मनोरंजन के लिए बसाया और सजाया गया है। यहाँ पर कई धर्मों में विश्वास रखने वाले, विभिन्न देशों की संस्कृति, इतिहास तथा भाषा के लोग एकजुट होकर रहते हैं। मुख्य रूप से यहाँ चाइनीज़ तथा अँगरेज़ी दोनों भाषाएँ प्रचलित हैं। आकार में मुंबई से थोड़े छोटे इस देश में बसने वाली करीब 35 लाख की आबादी में चीनी, मलय और 8 प्रतिशत भारतीय रहते हैं।

आधुनिक सिंगापुर की स्थापना सन् 1819 में सर स्टेमफोर्ड रेफ़ल्स ने की, जिन्हें ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी के रूप में दिल्ली स्थित तत्कालीन वॉयसराय द्वारा कंपनी का व्यापार बढ़ाने हेतु सिंगापुर भेजा गया था। आज भी सिंगापुर डॉलर और सेंट के सिक्कों पर आधुनिक नाम 'सिंगापुर' और पुराना नाम 'सिंगापुरा' अंकित रहता है। सन् 1965 में मलेशिया से अलग होकर नए सिंगापुर राष्ट्र का उदय हुआ। किंवदंती है कि चौदहवीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार जब शिकार हेतु सिंगापुर द्वीप पर गया, तो वहाँ जंगल में सिंहों को देखकर उसने इसका नामकरण सिंगापुरा अर्थात् 'सिंहों का द्वीप' रख दिया।



सिंगापुर में देखने के लिए इतना कुछ है कि समय की कमी महसूस होती है। सबसे पहले सिंगापुर के वॉटर फ्रंट पर 'मेरलायन स्टेचू' को देखकर हम खुश हो गए। इस स्टेचू का सिर शेर का और नीचे का हिस्सा मछली का है। यह सिंगापुर का प्रसिद्ध चिह्न है। जो लगभग हर जगह दिखाई देता है।

कल्चर म्यूज़ियम में विभिन्न जातियों के त्योहारों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें दशहरा, दीवाली इत्यादि का महत्त्व बताया गया है। 600 प्रजातियाँ और 8000 से ज़्यादा पक्षियों के संग्रह के साथ 'जुरोंग बर्ड' पार्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा पक्षी पार्क है। दक्षिणी ध्रुव का कृत्रिम वातावरण बनाकर यहाँ पेंग्विन पक्षी रखे गए हैं। 30 मीटर ऊँचा मानव निर्मित जलप्रपात और 'ऑल स्टार बर्ड शो' जिसमें पक्षी टेलीफ़ोन पर बात करते हैं, अन्य प्रमुख आकर्षण हैं। जूलॉज़िकल गार्डन में 'एनिमल फ़ीडिंग शो', 'सी लायन डांस शो' आदि दर्शकों का मन मोह लेते हैं।


**शब्दार्थ**

**उदय**—जन्म; **कृत्रिम**—दिखावटी, नकली; **जलप्रपात**—झरना



Scanned with CamScanner

सिंगापुर नदी पर 'बमबोट क्रूज़' का हमने आनंद लिया। इसके अलावा बोट 'क्वेज़ेटी' से कुछ छोटे द्वीपों की यात्रा अपने आपमें एक सुखद अनुभव है। 'सैंटोसा द्वीप' पर हम केबिल कार द्वारा पहुँचे। घने वृक्षों के बीच इस द्वीप पर लोगों के मनोरंजन की हर सामग्री है, जिन्हें पर्यटक बार-बार देखना चाहेंगे। यहाँ पर 'मेरलायन' की एक 23 मीटर ऊँची प्रतिमा है। यह वास्तव में एक टावर है। इसके अंदर लिफ़्ट है, जिससे ऊपर तक जाते हैं। यहाँ से पूरे सैंटोसा आइलैंड का पूरा नज़ारा तथा सिंगापुर का दक्षिणी तट दिखाई देता है। यहाँ एक लघु फ़िल्म का भी लगातार प्रदर्शन होता रहता है, जिससे पता चलता है कि सिंगापुर का नामकरण कैसे हुआ। 'डॉलफ़िन लगून' आधे घंटे का 'डालफिन शो' आयोजित करता है। अंडर वाटर बने मछलीघर को देखकर और ऊपर से पानी में तैरती विभिन्न रंग-रूपों वाली मछलियों को देखकर लौटने को मन ही नहीं करता।



यहाँ की खुली बसों में बैठकर हम पहुँचे मोम से बनी मूर्तियों के अजायबघर में, यहाँ मोम की बनी मूर्तियाँ सजीव लग रही थीं। इन मूर्तियों में सिंगापुर का इतिहास दृष्टिगोचर होता है।

वन्य जीवों को उनके घर और उनके परिवेश में देखने के लिए हम सिंगापुर की नाइट सफ़ारी में गए। यहाँ सूर्यास्त के बाद खुली बस में जंगल की सैर करने में बड़ा आनंद आया। हमने टाइगर, जिराफ़, हाथी, हिरन, शेर आदि को करीब से देखा। यहाँ कृत्रिम प्रकाश की ऐसी व्यवस्था है जो चंद्रमा के प्रकाश की तरह लगता है। 'लाइव एनिमल शो' देखकर हम कभी रोमांच, तो कभी डर के कारण तालियाँ बजाने लगे।

सिंगापुर के बाज़ार में इतनी आकर्षक वस्तुएँ मिलती हैं कि खरीदते जाइए, मन नहीं भरेगा। एक क्षेत्र 'लिटिल इंडिया' के नाम से जाना जाता है। यह सचमुच छोटा भारत ही लगता है। भारतीय भोजनालय, भारतीय साड़ियों में सजी नारियाँ, दुकानों पर सामान बेचने वाले भारतीय ही हैं। यहीं एक भारतीय मंदिर भी है।

उसी जगह चाइना टाउन में चीनी अपनी वस्तुएँ बेचने के लिए पर्यटकों को आकर्षित करने में लगे रहते हैं। समय कैसे बीत जाता था, पता ही नहीं चलता था। सिंगापुर जाने के बाद इस सच्चाई पर विश्वास हो गया कि—

'जीवन में एक बार आना सिंगापुर।'

आप भी एक बार अवश्य घूम आएँ सिंगापुर।

*—श्रीमती कांता भाटिया*

**शब्दार्थ**

**अजायबघर**—संग्रहालय, म्यूज़ियम



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

For Summative and Formative Evaluation

## बोलने की बारी

Speaking Skills

1. सिंगापुर लेखिका के सपनों का देश कैसे बन गया ?
2. लेखिका ने सिंगापुर का वर्णन किस प्रकार किया है ?
3. सिंगापुर का संक्षिप्त परिचय देना हो तो क्या कहना काफ़ी होगा ?
4. सिंगापुर की आबादी में कितने प्रतिशत भारतीय हैं ?

## लिखने की बारी

Writing Skills

1. द्वीप किसे कहते हैं ?
2. आधुनिक सिंगापुर की स्थापना कैसे हुई ?
3. सिंगापुर के नामकरण के बारे में क्या कहा जाता है ?
4. मेरलायन स्टेचू क्या है ?
5. 'जुरोंग बर्ड' पार्क की क्या विशेषता है ?
6. सिंगापुर में बसा 'लिटिल इंडिया' कैसा है ?

## चुनने की बारी MCQs

**सही उत्तर पर ✓ का चिह्न लगाइए—**

1. सिंगापुर की मुख्य भाषाएँ हैं—
   (क) हिंदी-अँगरेज़ी ☐ (ख) उर्दू-चाइनीज़ ☐
   (ग) चाइनीज़—अँगरेज़ी ☑ (घ) हिंदी-चाइनीज़ ☐
2. एशिया-प्रशांत क्षेत्र का सबसे बड़ा पक्षी पार्क कौन-सा है ?
   (क) घाना पक्षी पार्क ☐ (ख) जुरोंग बर्ड पार्क ☑
   (ग) अमेंजिंग पार्क ☐ (घ) सिल्वर पार्क ☐
3. सिंगापुर में अजायबघर की खास विशेषता है—
   (क) मोम की मूर्तियाँ ☑ (ख) ताँबे की मूर्तियाँ ☐
   (ग) मिट्टी के बरतन ☐ (घ) काँसे के बरतन ☐



Scanned with CamScanner

## सोचकर बताने की बारी HOTS

➤ यात्रा या देशाटन से क्या लाभ होते हैं? बताइए। *(मूल्यपरक प्रश्न)*

## अ भाषा संसार

**Grammar Skills**

**1. वचन बदलिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मछली | — | मछलियाँ | प्रतिमा | — | प्रतिमाएँ |
| सामग्री | — | सामग्रियाँ | इच्छा | — | इच्छाएँ |
| दर्शक | — | दर्शक गण | फ़िल्म | — | फ़िल्में |
| अधिकारी | — | अधिकारी गण | इमारत | — | इमारतें |

**2. प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए—**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रभाव | + | इत | — | प्रभावित | शान | + | दार | — शानदार |
| प्रचलन | + | इत | — | प्रचलित | भारत | + | ईय | — भारतीय |
| प्रदर्शन | + | इत | — | प्रदर्शित | अधुना | + | इक | — आधुनिक |
| अनुशासन | + | इत | — | अनुशासित | संस्कृति | + | इक | — सांस्कृतिक |

**3. सरल वाक्य के दो अनिवार्य तत्व होते हैं—**उद्देश्य और विधेय।

आइए वाक्य पढ़ें—

सिंगापुर एक सुंदर देश है।

जिसके बारे में बात की जाए उसे **उद्देश्य** कहते हैं तो सिंगापुर हुआ उद्देश्य।

वाक्य का दूसरा खंड है—विधेय।

**निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य का सही विकल्प छाँटिए—**

(i) हम सिंगापुर की नाइट सफ़ारी में गए।

(क) हम सिंगापुर की ☐ (ख) हम ☑

(ग) हम सिंगापुर की नाइट सफ़ारी ☐

(घ) हम सिंगापुर की नाइट सफ़ारी में ☐

(ii) हमने एक ही गाड़ी में जाना पसंद किया।

(क) हमने ☑ (ख) हमने एक ही गाड़ी में ☐

(ग) हमने एक ही ☐ (घ) हमने एक ☐



Scanned with CamScanner

(iii) हिंदू राजकुमार शिकार खेलने हेतु सिंगापुर गया।

(क) हिंदू ☐ (ख) हिंदू राजकुमार शिकार ☐

(ग) हिंदू राजकुमार शिकार खेलने ☐ (घ) हिंदू राजकुमार ☑

4. **जो अविकारी शब्द <u>संज्ञा</u> या <u>सर्वनाम</u> शब्दों के पहले या पीछे आकर उसका संबंध वाक्य के किसी अन्य <u>शब्द</u> से कराते हैं, उन्हें <u>संबंधबोधक</u> कहते हैं।**

जैसे—के बिना, से पूर्व, के समान, के सरीखा, के साथ, के लिए आदि।

उदाहरण—सिंगापुर **के समान** अन्य कोई देश नहीं है।

**रिक्त स्थानों में संबंधबोधक शब्द भरिए—**

(क) दुकान ........में........ जाओ।

(ख) शानदार कार इमारत ....के सामने.... आकर रुकी।

(ग) हम नाइट सफारी ....के लिए.... सिंगापुर गए।

(घ) अपने भाई ....के साथ.... ही मैं सिंगापुर जाऊँगा।

(ङ) समय ........पर........ काम समाप्त कर लेना।



## सतरंगी रचनात्मक गतिविधियाँ FA

1. आप यदि सिंगापुर जाते तो उसका वर्णन किस प्रकार करते?
2. विश्व के 5 प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के चित्र एकत्र करके उन पर एक परियोजना तैयार कीजिए या कंप्यूटर पर प्रेजेंटेशन बनाइए।
3. 'सिंगापुर में लिटिल इंडिया' के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए।
4. यातायात के आधुनिक साधनों के विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए।



Scanned with CamScanner